संदेश

1. मुझे आपको यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि पालसमुद्रम में स्थित नासिन के नये परिसर का उद्घाटन 16 जनवरी 2024 को आयोजित एक शानदार समारोह में भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शान किया गया जिसमें अन्य गणमान्य अतिथियों एवं विशिष्ट व्यक्तियों के साथ आंध्र प्रदेश के माननीय राज्यपाल, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केन्द्रीय वित्त मंत्री उपस्थित थे।

2. भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) के 75 वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण दिसंबर, 2023 में पालसमुद्रम में शुरू हुआ। नए परिसर में शैक्षणिक ब्लॉक, इमर्सिव प्रशिक्षण सुविधा, प्रशासनिक ब्लॉक, सभागार, अधिकारी मेस, छात्रावास तथा अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु अपेक्षित विभिन्न अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। हमारे विभाग में समूह ख से समूह क में पदोन्नत प्रथम बैच के अधिकारियों का प्रशिक्षण जनवरी, 2024 में यहां शुरू हुआ। हमने आंध्र प्रदेश सरकार के राज्य जी एस टी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया।

3. नासिन सीबीआईसी के अधिकारियों को प्रतिक्रियाशील एवं प्रभावी कर प्रशासन चलाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाता है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों, परस्पर संवादात्मक कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों के माध्यम से सेवारत अधिकारियों का क्षमता-निर्माण भी सुनिश्चित करता है ताकि वे उभरती आवश्यकताओं एवं राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर की उत्तम कार्य प्रणालियों से अवगत हो सकें।

4. नासिन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रशिक्षण केन्द्र है। यह डब्ल्यू सी ओ का एक क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र है तथा एडीबी, यूएनओडीसी, एसएएसईसी और विश्व भर के विभिन्न सीमा शुल्क प्रशासनों के साथ समन्वय में भी काम करता है।

5. हम, नासिन में, डिलीवरी के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध हैं और मिशन कर्मयोगी में गौरवान्वित भागीदार हैं। हमारी समर्पित टीम व्यावसायिक तौर पर और जिम्मेदारी की भावना से काम करती है ताकि सभी प्रशिक्षुओं को उच्च गुणवत्ता के अध्ययन अनुभव सुनिश्चित किया जा सके।

6. सीखना कभी रुकना नहीं चाहिए और इसी मंत्र को ध्यान में रखते हुए, नासिन सीबीआईसी की क्षमता-निर्माण मिशन का नेतृत्व करता है।

7. कृपया हमारे साथ बेझिझक संवाद करें और ऐसे तरीके सुझाएं जिनसे हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा की गुणवत्ता में सुधार हो सके।